वीझलीयाँ झड़[११०] मांडिया[१११] सखी, गिगन[११२] करे घड[११३] डाट रे,
जल थल सवि जल पूरियाँ सखी, वहे न हि कांठा[११४] वाट रे ।
जल थल मरि रुंधा घाट रे, हल करमण वाहं जाट रे,
जल पैठां वसुधा फाट रे ॥३॥

---

१०१ B P गगन। १०२ A घडुकै। १०३ P. मेद। १०४ A. किऊ। १०५ A बले। १०६ A रित। १०७ Not found in AB १०८ B. सर सर। १०९ P बपंयो B. व्वीसो। ११० B जर। १११ A. लाईयो। ११२ BP. गगन। ११३ A गड। ११४ B काइ बाटरे।

[४०]

इस अवसर पर वहाँ सुन्दर वर्षा ऋतु आई। गगन में मेघ गर्जन करने करने लगे। जल के परनाले चलने लगे। चतुर्दिग तालों में पानी खलकने लगा। नदी की धाराएँ प्रखरता से प्रवाहित होने लगी। जल पूरित तालाबों की पाल फूटने लगी। मनोहर वर्षा ऋतु आई।

[४१]

पर्वत पर मयूर, झिंगुर (बोलने लगे) दादुर डर-डर शब्द से शोर करने लगे। पपीहा पीयु-पीयु करने लगा, गगन में घनघोर घटाएँ छा गईं। मन्मथ का जोर बढ़ा। विरही लोगों के लिए कठिन और विकट (समस्या) हो गई, (उनका) हृदय स्थिर नहीं रहता।

[४२]

बिजली और झड़ चालू हो गई, बादल गड़गड़ाहट कर रहे हैं, जल और स्थल सभी जलजलाकार हैं, तट का मार्ग बन्द हो गया, तालाबों के घाट जल से अवरुद्ध हो गए जाट किसान हल चलाने लगे, पृथ्वी को फाड़ कर जल प्रविष्ट होने लगा।

[४३]

उदरवृत्ति करवा भणी सखी, हवे कठीयारो काण्ह ।
रज्जु कुहाड़ो करग्रही, रड वडतो गयो रान रे,
नदीया वहे जल[११५] अममान रे, वहियाँ ए तरुवर रान रे,
गणताँ[११६] कोइ नावे ज्ञान[११७] रे ॥४॥

[४४]

कडिया[११८] बान्ध्यो कांबलो सखी, पैठो जल भरपूर ।
चोखु चंदन लाकडुँ[११९] सखी, अन्यो आप हजुर रे,
दीसै अति सदल सनूर रे, भाँजी[१२०] कीधु[१२१] चकचूर रे[१२२]
गंध पहोतो जिहाँ शशि सूर रे[१२३] ॥५॥

[४५]

भारी वेचण कारणें सखी, आयो भर बाजार ।
काठ कुकाठ भलो बुरो सखी, जाणे नहीं तिलभार रे,
मूरख[१२४] माही सिरदार रे, नहि विनय[१२५] विवेक विचार रे,
राखी तिण व्रतनी कार रे ॥६॥

११५ Not found in P   ११६ A गिन्ता। ११७ A ग्यान रे। ११८ P कटिये। ११९ \ वा बनो। १२० A भारी। १२१ A वेचन। १२२ A कारणे। १२३ Not found in A १२४ P. मूरखमा। B मूरख माने। १२५ B. वनय।

[४३]

उदर-वृत्ति के निमित्त कान्हड़ कठियारा रस्सी और कुहाड़ा हाथ में लेकर भटकता हुआ वन मे पहुँचा। असाधारण जल-प्रवाह वाली नदियों में वन के वृक्ष प्रवाहित होकर इतने आते थे कि उनकी कोई गिनती नहीं।

[४४]

कमर में अपनी कम्बल को बांध कर कान्हड़ भरपूर जल में प्रविष्ट हो गया। वह एक अच्छा सा सुन्दर हलदार चन्दन-काष्ट टान कर अपनी ओर ले आया। उसने उसे भांग कर चकचूर कर दिया जिससे उसकी सुगन्ध आकाश मंडल में व्याप्त हो गई।

[४५]

वह भारी बेचने के निमित्त भरे बाजार मे आया। उस मूर्ख शिरोमणि को भले-बुरे काठ-कुकाठ का कोई ज्ञान नही था। न उसमें विनय, विवेक विचार ही था फिर भी उसने व्रत की मर्यादा की रक्षा की।

[४६]

इण अवसर तिण महरमें[१२६]सखी, श्रीपति सेठ सुजाण।
मोवन कोडी चारनो सखी, परिग्रह कीध परमाण[१२७]रे[१२८]
श्रीजिनवर पाले आण रे, वारह व्रतधारक जाण रे,
नित्य पोसह करे पच्चक्खान रे[१२९] ॥७॥

[४७]

चउद[१३०]नियम संभार तो सखी, श्रावककुल सिनगार।
ले[१३१] लाहो लखमी[१३२]तणो सखी, जाणे सहु संसार रे,
घर पुत्र कलत्र परिवार रे, इम सफल करे अवतार रे,
थयु धर्म चित्त उजमाल रे[१३३] ॥८॥

[४८]

चंपक चाकर सेठ नो सखी, आयो उण बाजार।
कठीयारा काण्हड़ तणी सखी, भारी लिये तिण वार रे,
हवे[१३४]देइ टका दोइ चार रे, काण्हड़ शिर देई भार रे,
दोनु आया सेठ दुवार रे ॥६॥

---

१२६ A. सहिर मे P सहेर में। १२७ P प्रमाण। १२८ No found in A B. १२९ A. नित पोरसनो पचखान रे। B नीत पोसानो पसखान रे॥ १३० A. चवद है नेम। १३१ P ल्ये। १३२ A लक्ष्मी। १३३ Not found in A B १३४ A. हिव।

[४६]

इस समय उस नगर में श्रीपति सेठ जिनाज्ञा प्रतिपालक, बारह व्रत धारी, पौषध प्रत्याख्यान करने वाला सुज्ञ व्यक्ति था। उसके चार कोटि सुवर्ण मुद्राओ का परिग्रह परिमाण व्रत लिया हुआ था।

[४७]

वह चौदह नियम सँभालने वाला श्रावक कुल शृङ्गार और विश्व विश्रुत था। अपने पुत्र, कलत्र, परिवार के साथ द्रव्य का सद् व्यय करते हुए अपना अवतार (जन्म) सफल करता था उसका चित्त धर्म के द्वारा प्रकाश मान था।

[४८]

सेठ का चम्पक नामक नोकर उसी बाजार मे आया जहाँ कान्हड कठियारा भारी लेकर आया था। उसने दो चार पैसे देकर कान्हड़ के सिर भारी उठा दी और दोनों सेठ के द्वार पर आये।

[४६]

चोखो चंदन बावनो[१३५] सखी, परिमल गंध रसाल ।
गोखें बैठो सेठजी सखी, खबर हुइ तत्काल रे,
चंदन नो गंध रसाल रे, कठीयारै काण्हड़ वाल रे,
जइ नाख्यां चोक विसाल रे ॥१०॥

[५०]

सेठ कहे चंपक प्रते सखी, एह नो मूल कहाय ।
दोय टाका दीधा अछै सखी, जो तुम आवेदाय रे,
कठीयारे घरमें[१३६] जाय रे, हवे सेठ कहे समझाय[१३७] रे,
एह न मूल लीयो तुम दाय रे[१३८] ॥११॥

[५१]

दे सोनईया पाँच से सखी, सेठने कीधो जुहार ।
तीजो ढाले ढलकतो सखी, मीठो राग मल्हार रे,
कहे मानसागर सुविचार रे, काण्हड़ लह्यो द्रव्य अपार रे,
पामीजं पुन्य प्रकार रे ॥१२॥

॥ दूहा ॥

[५२]

नगर वीचालै नीकल्यो, आयो गणिका वास ।
नट खुट तिहा वसै, हस कर[१३९] कीधी हास ॥१॥

१३५ A. ववनो । १३६ A. घरने । १३७ A. संझाय । १३८ Not found in A.
१३९ P. करि ।

[४६]

उत्तम जाति के बावना चन्दन की सुगन्धित लपटे गवाक्ष मे बैठे हुए सेठ के पास पहुँची। कान्हड़ ने सेठ के विशाल चौक में जाकर भारी गिरायी। चन्दन की सुगन्ध बड़ी अच्छी थी।

[५०]

सेठ ने चम्पक से भारी का मोल पूछा। उसने कहा दो पैसे दिये हैं, यदि आपको पसन्द हो तो कठियारा अपने घर जाय। सेठ ने समझा कर कहा इसका इच्छित मूल्य तुम लो।

[५१]

सेठ ने उसे पाँच सौ सौनेये (एक प्रकार के सिक्के) दिये, उसने सेठ को प्रणाम किया। मीठी मल्हार राग की यह तीसरी ढाल कवि मानसागर ने सुविचार पूर्ण कही। कान्हड़ ने पुण्य-योग से प्रचुर द्रव्य प्राप्त किया।

•

[५२]

नगर के मध्य में से निकल कर वह गणिका-धाम में आया। वट विट लोग वहाँ रहते थे जिन्होंने हँसते हुए उसकी मजाक उड़ाई।

[५३]

उलगाणो आयो इहा, मनमें महोटी[१४०] खंत[१४१] ।
आयो आँही जानजो, रमिया एम हसंत ॥२॥

[५४]

कठीयारा काण्हड़ कहे, संभल[१४२] सयणाँ बात ।
इण ठोडें जे आवसी, ते रहसी एक रात ॥३॥

[५५]

वेश्या आई विहसती[१४३], वयनें अमी झरत ।
मुख मोडे मटका करे नयणें नेह धरत ॥४॥

॥ ढाल चोथी ॥

॥ नमणी खमनी ने मन गमनी॥[१४४] ए देशी ॥

[५६]

बैठी पीढ़ो मांडी विसाला, रसिया[१४५] उपर मांडे ठाला ।
सिर राखडियाँ अधिक शोभा, माथे भ्रमर भलीपर थोल्या ॥१॥

[५७]

निलवट अधिक विराजे टीको, नयणें काजल सोहे नीको ।
आखंडियाँ मोहे अणीयाली, भमुह[१४६] कबाण भमर परि काली ॥२॥

---

१४० A. मोटी । १४१ A. खत । १४२ A. संभली । १४३ A. विकसती ।
१४४ In B after this we have रमणी सेसो बन वरनी । १४५ AP. रसिया । १४६ B. भ्रँह ।

[५३]

ये मन में बड़ी भारी हौंस लेकर यहाँ सेवा के हेतु आये हैं। रसिये लोग हँसने लगे कि आया है तो निश्चय से यह जानना।

[५४]

कान्हड़ कठियारा ने कहा—मित्रों! मेरी बात सुनो। इस स्थान में जो आवेगा वह एक रात तो रहेगा ही।

[५५]

वचनामृत सुनानेवाली, नेत्रों में स्नेह भर, हाव भाव पूर्वक एक प्रसन्न-मुखी वेश्या आई।

[५६]

बड़े से पीढ़े पर बैठी हुई वेश्या रसिक लोगो पर डोरे डाल रही थी। उसके सिर पर रखड़ी सुशोभित थी मानो (कमल पर) भँवरो का झुण्ड आ उपस्थित हुआ हो!

[५७]

ललाट पर तिलक सुशोभित था, आँखो में काजल की रेख नीकी लगती थी, अणियाली आँखें, धनुप की सी भोहें भ्रमर की तरह श्याम थी।

[५८]

दीप शिखा जिम सोहे नासा, परिमल गंध लिये तिहाँ वासा ।
नासा[१४७] उपर[१४८] सोहे मोती, राति दिवस रहे तिहाँ जोती ॥३॥*

[५६]

बदन अनोपम सारद चंद, जिन जिता[१४९] छै अमीरस कंद ।
अधर प्रवालतणी परे राता, दंत पंत[१५०] विच सोहे खाता ॥४॥

[६०]

सोनानी घड सोहे काण, ऊगनिया सोहे असमान ।
गले सोहे मीति नको हार, मूल्य तणो न वि लाभुं पार ॥५॥

[६१]

बाँहे बहेरखा सोवन चूड़ी, कर कंकण थी [१५१] दीसै रूडी ।
कुच कठिन उचाँ असमान, सोवन कल[स] तणुं उपमान ॥६॥

[६२]

मुखमें पानतनी छे बीड़ी, कंचूतणी कस अधिकी भीड़ी ।
सीहा लंकी[१५२] अति सुकुमाल, हंसतणी जिणे जीतीं चाल ॥७॥

[६३]

पाये नेऊर बाजे चंग, चरण कमल अलकतो रंग ।
इण परि सजीया सोल शृङ्गार[१५३], आइ बैठी पोल दुवार ॥८॥

१४७B. नाक। १४८ After that B. has शुभ। १४९ P. जीहा जीत्या। १५० P. पंति। १५१ P. स्त्री। १५२ P. सिंहा ०। १५३ P. शनगार।

* After that one or two folios, containing verses 59 to 81 (of our number), are not found in B.

[५८]

दीप-शिखा सी शोभित नासिका पुष्पों की सुगन्ध—सुवास ले रही थी। नाक पर मोती सुशोभित था जिसकी वहाँ रात-दिन ज्योति रहती थी।

[५६]

शरत् पूर्णिमा के चन्द्र की भाँति मुख-मंडल अनुपम था मानो उस अमृतरस कान्त को जीत लिया हो। प्रवाल की भाँति उसके लाल अधर थे, बीच में दन्त-पंक्ति सुशोभित थी।

[६०]

स्वर्ण-घटित उगणिया कानो मे और गले में बहुमूल्य मुक्ताहार सुशोभित था।

[६१]

बाँहो में बहरखे, हाथों में कंगन और चूड़ियो से सुन्दर लगती है। ऊँचे कठोर कुच स्वर्ण-कलश की उपमा को धारण करते हैं।

[६२]

मुह में पान का बीड़ा है, कंचु खूब कसके बाँधी हुई है। सिह की तरह पतली सुकुमार कटि-प्रदेश है, गति में उसने हंस की चाल को भी जीत लिया है।

[६३]

पाँवो में नूपुर बज रहे है, चरणो पर अलता का रंग है। इस प्रकार सोलह श्रृङ्गार सजी हुई मुख्य द्वार पर आ बैठी।

[६४]

रूपे रंभतणो अवतार, हाथें आप घडी किरतार।
ते देखीने मोहे इंद, आगें उभा नरवर वृंद ॥९॥

[६५]

कामलता तिहा[१५४]सामो[१५५] जेयो, ते देखो काण्हड़मन मोह्यो[१५६]
मुझ पासें सोनईया सार, देइ सफल करुँ अवतार ॥१०॥

[६६]

गोला[१५७]रे कदि हुंती गाय, इम[१५८]चित वीयो काण्हड़ राय।
ले[१५९] सोनईया हाते दीध, सयणाँ हंदा बोलज कीध ॥११॥

[६७]

कामलता हुइ मनगाजि, काम केलिनी मांडी बाड़ी,
तेल सुगन्धा मोहोंघा कीधाँ, सयणें सेती बीड़ा दीधा ॥१२॥

[६८]

चोथी ढाल कही अति चगी, मानसागर कहे नवनव रंगी।
काण्हड़ नु मन थयु उठ रंग, राग केदारो वधते रंग ॥१३॥

॥ दूहा ॥

[६९]

नायक[१६०] तेड़ी नायका, तूरत[१६१] मगाया[१६२] तेल।
चाक पाक काण्हड़ कीयो, वेस्या सुरंगी रेल ॥१॥

१५४ P तियां। १५५ P सहामु जोयु। १५६ P मोहयु। १५७ P गोलां।
१५८ P एम। १५९ P लइ। १६० P. नापित। १६१ P. तुरत। १६२ P. मंगाया।

[६४]

रूप रंग के इस अवतार को मानो विधाता ने अपने हाथ से घड़ा हो। इसे देख कर इन्द्र भी मुग्ध हो जाय और राजा लोग स्वयं (सेवा में) खड़े रहें।

[६५]

कनकलता ने उसके सामने देखा, उसे देख कर कान्हड़ मुग्ध हो गया। (उसने सोचा) मेरे पास सोनैये हैं, देकर अपना जन्म सफल करूँ।

[६६]

गोले के घर में गाय कब थी? ऐसा सोच कान्हड़ ने सोनैये उसके हाथ में दे दिये। ऐसा करके उसने पूर्व कथित सज्जनो क वचन सिद्ध कर दिये।

[६७]

कनकलता ने प्रसन्न होकर कामकेलि का बाजी का उपक्रम किया। महघ्य सुगन्धित तैल अभ्यगनार्थ प्रस्तुत कर उन सज्जनो को चुनाती दी।

[६८]

मानसागर कहता है कि चोथी ढाल केदारा राग में नये नये रंग से कही, कान्हड़ का मन उल्लसित हो गया।

[६९]

नायिका ने नापित को बुलाया, तेल मंगा कर सुरंगी वेश्या ने कान्हड़ के मालिश आदि करवाये।

[७०]

मन गमता भोजन तणा, कीधा सरस आहार ।
लविंग[१६३] सोपारी एलची, मुछणनो विवहार[१६४] ॥२॥

[७१]

पहेरयाँ[१६५] मुल मुल बसतराँ, शिर पंचरंगी पाघ ।
आगें उभा ऊलगुँ, गावे नव नव राग ॥३॥

[७२]

चउबारया दीवा किया, सखर बनावी सेज ।
वेस्या आधी विहसती, जिनसुँ अधिको हेज ॥४॥

[७३]

पूरो उग्यो पाधरो, पूणिम रे दिन चंद ।
काण्हड़ झांखी जालीयें, आंखे दीठो इंद ॥ ५ ॥

[७४]

आज अछे मुझ आखड़ी, पर नारी परिहार ।
अवसर आए आपणें, कदे न लोपुं कार ॥ ६ ॥

॥ ढाल पाँचमी ॥

॥ बीछी बीयानी ए देशी, रजनी ए देशी[१६६] ॥

[७५]

रज़नी उठो[१६७] एकेलो, हरे [तु]रत बनावी तोतरे लाला ।
मेदान नने मिस एकलो[१६८], गयो आपणो पहेरी पोतरे लाला ॥१॥

---

१६३ A. लूग । १६४ P. व्यवहार । १६५ A. सखर बनावी सेज । १६६ P. देशी चूनडीनी । १६७ P. उठ्यो । १६८ P काण्हजी ।

[७०]

रुचिकर सरस आहार का भोजन कराके लौंग सुपारी आदि की मनुहार की ।

[७१]

मलमल के वस्त्र पहनकर मस्तक पर पचरंगी पाग (पगड़ी) धारण की । सामने गवैये सेवा में खड़े नाना राग आलाप कर रहे थे ।

[७२]

चारों तरफ दीपक संजोया, सुन्दर शय्या सजाई । अधिक प्रेम दिखाया, प्रफुल्लित हो वेश्या आकर उपस्थित हुई ।

[७३]

पूर्णिमा का दिन होने से उदित हुआ पूर्ण चन्द्र सीधा दिखाई दिया कान्हड़ ने जाली में से झांककर अपने आँखों से चन्द्र दर्शन किया ।

[७४]

आज मुझे परनारी त्याग का नियम है । अवसर पाकर भी अपनी मर्यादा का कदापि लोप नहीं करूँगा ।

[७५]

अब वह रात्रि के समय तुरंत अकेला उठा और मैदान के बहाने अपना वस्त्र पहनकर अकेला ही निकल पड़ा ।

[७६]

धन धन कठीयारो काण्हजी, जिने राखी व्रतनी रेख लाल।
मेली सोनईया पाचसे, वली मूक्यां परनो वेशरे लाला ॥२॥

[७७]

भर बाजार हाटमे, जई[169] सूतो नीद घुमाय रे लाला।
वेस्या जोवे वाटडी, आयो नहि काणडराय रे लाला ॥३॥

[७८]

पोहड[170] घडीने आतरे, पाणि भरि झाडि साहि रे लाला।
उभी जोवे वाटडी, आयो[171] नहि काणड़राय रे लाला ॥४॥

[७९]

आब स्नानानी पाखती, उभी तिहा करती हॉसरे लाला।
माद दिये मानी[172] करै, विचकरती खराग खामरे लाला ॥५॥

[८०]

दीवो आण दोडी ने, तिन जोयी वेस्या वासरे लाला।
खबर न लाधी काणडी, मूकी गयो धननी रास रे लाला ॥६॥*

[८१]

वेस्या कहे वित पार को, हुत राख नहि तिल भाररे लाला।
खरीय कमाइ स्वेदनी, माहरै तिनसु छै विवहारै रे लाला ॥७॥

१६९ Not in P १७० P पहोर। १७१ P काण्हड न आयो घरमाहि रे लाला।
१७२ P साने।

* After this P has a verse No 81 which corresponds to our verse No 83

[७६]

कठियारे कान्हजी को धन्य है ! धन्य है ! जिसने अपने व्रत की, मर्यादा की रक्षा की, अपनी पाँच सौ स्वर्णमुद्राएँ और परायी पौशाक भी छोड़ गया।

[७७]

वह बाजार के बीच किसी हाट में जाकर नींद घुराने लगा। इधर कान्हड़ के न आने पर वेश्या मार्ग देख रही थी।

[७८]

घड़ी पहर तक पानी की झारी लिए खड़ी प्रतीक्षा करती रही पर कान्हड़ घर में नहीं आया।

[७९]

आवखाना के निकट न आने पर स्मित हास्यपूर्वक पुकार कर, संकेत और खंखारा आदि करके खड़ी रही।

[८०]

वह दौड़ कर दीपक लाई और समूचा वेश्यावास ढूंढ़ लिया पर कान्हड़जी का कोई पता नही लगा जो धनराशि छोड़ कर चला गया।

[८१]

वेश्या ने कहा—मैं तो पर-द्रव्य लेशमात्र भी नहीं रखूंगी ! मेरे तो अपने पसीने की कमाई लेना ही व्यवहार्य्य है।

[८२]

रात गई रवि उगियो, सहु मिलीया राणो राणरे लाला।
बात जिका काणड़तणी, कहि मांडी चतुर सुजान रे लाला॥८॥

[८३]

गणिका काँई[१७३] परधनतणो, लेवा लीधो छै नीमरे लाला।
खरीय कमाई आपणी, तिनसु नित राँख सीमरे लाला॥९॥

[८४]

वेस्या सहु टोलै मिली, बाली भोली जोवन वेसरे लाला।
घरटी[१७४]बूढो डोकरी, जई भेट्यो नरेस रे लाला॥१०॥

[८५]

कामलता वेस्या घरे, कठीयारो काण्हड नाम रे लाला।
सोनईया देइ पांचसे, मूकी गयो किण्ही कामरे लाला॥११॥

[८६]

सार न पूछी साहिवा, माँसु नवि सीधु सुकाज[१७५] रे लाला।
ए निरमाल लेवा नही, माहरै घरे एहवु राज रे लाला॥१२॥

[८७]

राजन् रूडा राखज्यो, धन द्यु छयु सहुनी साख रे लाला।
ए धन आवै रावलै, ए लोक तणी छै भाख रे लाला॥१३॥

[८८]

पाचमी ढाल सोहमनी, राजा ने दीधो दाम रे लाला।
मानसागर कहैआगलै, हिवकुणकुण[१७६]होसे[१७७]कामरे लाला॥१४॥

१७३ Not found in A १७४ A गरटी। १७५ P काजरे। १७६ A कोण कोण। १७७ A होसा।

[८२]

रात बीती, सूर्योदय हुआ। सब लोग राणो राण मिले। चतुर वेश्या ने कान्हड़ की सारी वार्ता मांड़ कर कही।

[८३]

गणिका ने भी पर द्रव्य ग्रहण न करने का नियम ले रखा है, उसे सदा अपनी खरी कमाई रखने की ही मर्यादा है।

[८४]

तरुणी बाला, और भोली भाली सभी वेश्याओं का समूह एकत्र हुआ। वृद्धाएँ जाकर नगर के राजा से मिलीं।

[८५]

काम-लता वेश्या के घर कान्हड़ नामक कठियारा आया और पाँच सौस्वर्णमुद्राएँ छोड़ कर किसी काम से चला गया।

[८६]

श्रीमान्! उसने न तो सार संभाल हीली, न मेरे से उसका कार्य सिद्ध हुआ। यह द्रव्य मेरे लिए निर्माल्य होने से अग्राह्य है, मेरे घर का यही नियम है।

[८७]

राजन्! यह द्रव्य मै सब की साक्षी से देती हूँ। अच्छी तरह संभालें। लोगों में कहा जाता है कि ऐसा धन राज में आता है।

[८८]

इस पाँचवीं मनोहर ढाल में राजा को द्रव्य दिया गया। मानसागर कहता है कि अब आगे क्या क्या होता है? (सुनें।)

॥ दूहा ॥

[८६]

पूरमे[१७८] पडहो[१७९] बजडावीयो, ले[१८०] सहु कोई नाम।
कामलता वेस्या घरे, कोण[१८१]मूकी[१८२] गयो दाम ॥१॥

[९०]

गलीया गलीया[१८३]गुजता[१८४], मिलीया[१८५] मानस थोक।
सेरी सेरी[१८६] सभल्यो, कोई न वोले लोक ॥२॥

[९१]

चोहटा[१८७] विच बाजै पडह, ले सहु कोई[१८८] नाम।
काणड कठीयारो कहै, ए तो म्हरा[१८९] दाम ॥३॥

[९२]

आगै उभो आयणै, एह वी भाखै भाख।
ए दमडा छै माहरा ए हनी[१९०] द्यु छयु शाख ॥४॥

[९३]

कठीयाराने[१९१] करग्रहि, आण्यो राय हुजुर।
अधिपति दीठो आवतो, ए तो बडो मजूर ॥५॥

[९४]

राय कहै[१९२] काणड प्रति[१९३], ते जोज्यो किम दाम।
कठीयारो काण्हड कहै, थे सुनज्यो मुवा[१९४] साम[१९५] ॥६॥

---

१७८ I पुरमैं। १७९ I पडह। १८० BP लइ। १८१ P कुण। १८२ B मेलि। १८३ I गलियां। १८४ P गुजता। १८५ P मलिया। १८६ I शेरी। १८७ चहुटा। १८८ P कोणा। १८९ P माहारा। १९० P ए० वी०। १९१ I नो। १९२ BP पूछो। १९३ P प्रत्यें। १९४ B मुक्त। १९५ P स्वाम।

[८९]

सब का नाम लेकर नगर में घोषणा करवायी कि काम-लता वेश्या के घर में कौन द्रव्य छोड़ गया ?

[९०]

गली गली में गुंजारव सुनकर मानव समाज एकत्र हुआ। गली गली में सब ने सुना, पर बोला कोई नहीं।

[९१]

बाजार के बीच जब सब का नाम लेकर उद्घोषणा हुई तो कान्हड़ कठियारा ने कहा—"यह द्रव्य मेरा है!"

[९२]

वह समक्ष आकर खड़ा हुआ और कहने लगा—यह द्रव्य मेरा है, मैं इसकी साक्षी देता हूँ।

[९३]

कठियारे का हाथ पकड़ कर उसे राजा के सामने लाया गया। राजा ने उसे आते देख कर सोचा, यह तो बड़ा मजदूर है।

[९४]

राजा ने कान्हड़ से पूछा—तुम ने द्रव्य कैसे जोड़ा? कान्हड़ कठियारे ने कहा, मेरे स्वामिन्! सुनिये!

[६५]

वीतक बात कहु सबै, सांभल जो सहु संत।
काण्हड़ कठीयारो कहै, ते दाखु दृष्टंत॥ ७ ॥

★

॥ ढाल छड्डी ॥

॥ राग सोरठ ॥ यतनी ए देशी ॥

[६६]

कठीयारै मांडी बात रे, बात रे, भारी बेचुं दिन रे रात।
एक दिवस मुनिवर मलियारे, मलियारे, पातक सहु दूरे टलियाँ॥१॥
॥ त्रु० ॥

[६७]

पातक[१९६] सहु[१९७] दूरे टल्या, सुणि मुनिवरनी वाणी।
चोथा व्रतनी आखडी, मै लीधी हित आणी॥२॥ढाल॥

[६८]

चित्तमें एक बात विचारी रे, विचारी रे, तजी पूणिम दिन परनारी।
निज नारीसुँ[१९८] नित्य नेहा रे, नेहा रे, पालुँ हुँ व्रतनी रेहा॥३॥
॥ त्रु० ॥

[६९]

इम[१९९] करता दिन केतले[२००], भारी बेची आण।
दोय टका दे ले गयो, श्रीपति सेवक जाण॥४॥दूहा॥

१९६ B. पातिक। १९७ P सवि। १९८ P. नारीशु। १९९ P. एम। २०० P. केटले।

[६५]

"मैं सारी बीती बात कहता हूँ।" कान्हड़ कठियारा ने कहा, "वह दृष्टान्त प्रस्तुत करता हूँ सभी सत्पुरुष सुनें।"

[६६]

कठियारे ने कहानी प्रारंभ की—मैं दिन रात भारी बेचता हूँ! एक दिन मुनिराज मिले जिससे मेरे सारे पाप दूर हो गए।

[६७]

मुनिराज की वाणी सुनकर सारे पाप दूर हो गए, हितपूर्वक चतुर्थ व्रत का नियम ग्रहण किया।

[६८]

मैंने हृदय में एक बात विचार कर पूर्णिमा के दिन परनारी का परिहार किया। स्वस्त्री से स्नेहपूर्वक (खुला रखकर) मैं व्रत की मर्यादा पालन करता हूं!

[६९]

यों कितनेक दिन बाद मैंने भारी लाकर बेची। श्रीपति सेठ का सेवक दो रुपये देकर मुझे ले गया।

[१००]

श्रीपतिनो सेवक एह, भारी ले गयो निज गेह।
बावना चंदननो भारी, श्रीपति मन बात विचारी ॥५॥ढाल॥

[१०१]

बात विचारी तुरत सु, सोनईया सो पंच।
आण दीया एकण समे, कानड़ करी मन खंच ॥६॥दूहा॥

[१०२]

मनमा न करी काइ खंच[२०१], मुझ मिलीयो एहवो संच।
पाच से सोनईया दीधा, तिण सीस चढावी लीधा[२०२] ॥७॥ढाल॥

[१०३]

लेह[२०३] घरने संचर्यो, आयो[२०४] वेस्या वास।
नट[२०५] खुट नर तिहा वसे, तिण कीधी मुझ हास ॥८॥दूहा॥

[१०४]

तिहा माहारी[२०६] हासी कीधी, वेस्या मुझसु दृष्ट[२०७] दीधी।
पाचसे सोनईयो दीधा, तीणै खोलै खाली लीधा ॥९॥ढाल॥

[१०५]

सीस चढाई[२०८] तुरत सु, मांडी मुझसु बात।
आवा आओ[२०९] आम घरे, वासो रहो एक रात ॥१०॥दूहा॥

२०१ A. मुक्तमा न करी का खंच। २०२ BP. में खोले खाली लीधां। २०३ A. लेई। २०४ A. गयो। २०५ P. नट्ट ०। २०६ P माहरी। २०७ B. दीठ। P दिठ। २०८ BP. सीस चाढावी। २०९ Not found in A.

[१००]

श्रीपति का सेवक भारी के साथ मुझे अपने घर ले गया। श्रीपति सेठने सोचा बावना चंदन की माटी है ।

[१०१]

यह सोचकर सेठने एक साथ पांचसौ स्वर्ण मुद्राएँ लाकर तुरंत मुझे दी और मन में कोई संकोच नहीं किया।

[१०२]

(सेठने) मन में किसी प्रकार का संकोच नहीं किया, मुझे इस प्रकार द्रव्य राशि मिली जो पांचसौ सोनैये दिये मैंने सिर चढा के लिए।

[१०३]

मैं (द्रव्य) लेकर घर की ओर चला जब वेश्याओं के वास (गली) में तो वहाँ रहने वाले नटखट पुरुषों ने मेरी हँसी उडाई।

[१०४]

वहाँ मेरी हँसी उड़ाई गई, वेश्या ने मेरी ओर सुदृष्टि की। मैंने पांचसौ सोनैये दिये। उसने अपने अंक में ले लिए।

[१०५]

वेश्याने द्रव्य शिरोधार्य करके मुझ से कहा—हमारे यहाँ पधार कर एक रात निवास करो।

[१०६]

मेडी मोही सेज विछाइ, वेस्या विहसती आई।
पूणिम दिन पूरो चंद, देखी थयो अधिक आनन्द ॥११॥ढाल॥

[१०७]

पूणिम दिन[२०९] परनारीसु छै मु[झ] व्रतनी कार।
एह न भांजु आखडी, निश्चय ने सुविवहार ॥१२॥दूहा॥

[१०८]

मैदान[२१०] तणो मिस किधो, वेस्या नो हुकमज लीधो।
रजनी हाटे[२११] जई सूतो, वेस्या सेती न वि सूतो ॥१३॥ढाल॥

[१०९]

वेस्यासु सुतो नही, पाले व्रतनी आण।
रात गई रवि उगियो, उदयाचल सिर भाण ॥१४॥दूहा॥

[११०]

उदयाचल उग्यो भाण, करतो ते सफल विहाण।
काण्हड़ कहि बात ताजी, सहु लोक हुआ मन राजी ॥१५॥ढाल॥

[१११]

मन राजी सहुको हुवा, बात कही में आज।
ए सोनईया पाचसे, माहारा छे महाराज ॥१६॥दूहा॥

[११२]

छठी ए ढाल विसाला ला रे[२१२], सुन्ता[२१३] कहे मान रसाला[२१४]।
राग सोरठ यतनी देशी, जानिअ ते खरीय कहे सी ॥१७॥ढाल॥

२१० B. मयदान। २११ B. ठाडे। २१२ Not found in A B. २१३ P. सुणतां। २१४ P. रसाल।

[१०६]

वेश्या ने मैड़ी में शय्या बिछाई और वह उल्लास पूर्वक आई। पूर्णिमा के पूर्ण चन्द्र को देख कर अधिक आनन्द हुआ।

[१०७]

पूर्णिमा के दिन पर नारी सेवन की मुझे व्रत-मर्यादा है। मैं निश्चय पूर्वक यह नियम कभी भी नहीं भंग करूँगा।

[१०८]

मैदान जाने के बहाने वेश्या की आज्ञा लेकर मैं निकला और रात भर हाट में जाकर सो गया वेश्या के साथ सम्पर्क नही किया।

[१०९]

वेश्या-संग से बचकर व्रत की मर्यादा पालन की। रात्रि बीती, उदयाचल पर सूर्योदय हुआ।

[११०]

उदयाचल मे प्रभात को सफल करता हुआ सूर्य उदय हुआ। कान्हड़ ने ताजी बात कही जिसे सुन कर सब प्रसन्न हो गए।

[१११]

महाराज! ये ५०० सोनैये मेरे हैं। मैंने आज राम कहानी कही, सब के मन प्रसन्न हुए।

[११२]

सोरठ—यतनी देशी राग में यह रसाल ढाल कवि मान ने कही जो राग का ज्ञाता है, वह सही सही कहेगा।

॥ दूहा ॥

॥ सोरठी ॥

[११३]

राजी हुवो राय, लोक सहु राजी हुआँ।
श्रीपति तेडण जाय, अधिपति केरा आदमी ॥ १ ॥

[११४]

आए[२१५] अधिपति पास, श्रीपति सेठ इश्यो[२१६] कहे।
मैं दीधी घनरास, इण कठीयारा काण्हने ॥ २ ॥

[११५]

उ कठीयारो काण्ह, ल्यायो[२१७] चंदन बावनो[२१८]।
दोय टाका उपमान, दीधा चाकर माहरे ॥ ३ ॥

[११६]

मैं विगतावी बात एतो चन्दन बावनो।
एहनुँ मूल्य आख्यात, दीया सोनईया[२१९] पाचसे ॥४॥

[११७]

छे मुझ गुरुणी आण, अधिको न लीयुँ पारको[२२०]।
ए उत्तम अहिणाण[२२१], आटा लूण तिसी परै ॥५॥

[११८]

अधिपति भाखै आम, ए सोनईया[२२२] पाचसे।
को नहीं माहारे काम, सांभलज्यो सहुको सभा ॥६॥

---

२१५ P. आवि। २१६ A. इसो। २१७ P. लायो। २१८ A. बावना।
२१९ P. सोनैया। २२० P. पारकुं। २२१ B. अधिनाण, P. अहिनाण।
२२२ P. सोनैया।

[११३]

राजा प्रसन्न हुआ, लोक सब प्रसन्न हुये। राज पुरुष श्रीपति सेठ को बुलाने गए।

[११४]

श्रीपति सेठ ने राजा से आकर कहा—मैंने कान्ह कठियारे को धन राशि दी है।

[११५]

यह कान्ह कठियारा बावन्ना चंदन लेकर आया। मेरे नौकर ने उसे दो टका अनुमान दिए।

[११६]

मैंने कहा—यह बावना चंदन है। मूल्यवान होने से मैंने पांचसौ सोनैये दे दिए।

[११७]

मेरे गुरु का आज्ञा है कि अधिक पर-द्रव्य न लूँ! यह उत्तम अधिज्ञान है कि आटा मे नमक जितना (लाभ) किया जाय।

[११८]

राजा ने कहा ये पांचसौ सोनैये हैं, मुझे इनसे कोई प्रयोजन नही सारी सभा के लोग सुनें।

[११६]

सोनईया सो पंच, काण्हड़ने दीधा परा।
एहनो एही संच, खरा कमाया काण्हड़ा ॥ ७ ॥

★

॥ ढाल सातमी ॥

॥ मेरो मन ला गोप्या राम्या [म] सुरे लाल ॥ ए देशी[२२३] ॥

[१२०]

इण अवसर आया[२२४] तिहा रे लाल, केवल धर अणगार।
सुखकारी रे।
राजा पूछै रंगसु रे लाल, कहो मुझ एक विचार ॥ १ ॥

[१२१]

सील[२२५] तणी महिमा सुणरे[२२६] लाल, श्रीपति सेठ वसै इहाँ
रे लाल, काम लता तिहा जाण।
मुसील कठीयारो काणड़ अछै रे लाल, लेखे मुझणै आण ॥२॥सुख॥

[१२२]

मुनिवर आगल भाखीयो रे लाल, च्यारे[२२७] तणो अवदात।
च्यारा माहि अधिको किसो रे लाल, महिपति पूछै बात॥३॥सुख॥

[१२३]

च्यारे ए महिमा निलो रे लाल, च्यारे ए चतुर सुजाण।
इणमें अधिको काण्हड़ रे लाल, राखी व्रतनी काण[२२८]॥४॥सुख॥

---

२२३ BP. मेरो प्यारोरे। ए देशी। २२४ P. आव्या। २२५ P. शील।
२२६ P. सुणो। २२७ P. चार। २२८ B. कार।

[११६]

पाँचसौ स्वर्ण मुद्राएँ कान्हड़ को दे डाली। ये खरी कमाई का संचय इसी का है।

[१२०]

इसी अवसर पर वहाँ केवलज्ञानी श्रमण पधारे। राजाने प्रेम पूर्वक पूछा—मुझे एक बात बतलाईये।

[१२१]

शील की महिमा सुनो!

श्रीपति सेठ यहाँ निवास करता है, काम लता और कान्हड़ कठियारा भी है, मैं भी इसी हिसाब में हू।

[१२२]

मुनिराज के समक्ष चारों के गुण विशेष बतलाये। राजा ने यह पूछा कि चारों में कौन विशिष्ट व्यक्ति है।

[१२३]

ये चारों महिमाशाली हैं, चतुर सुज्ञानी हैं, इनमें अधिक कान्हड़ है जिसने व्रत की मर्यादा रखी।

[१२४]

मूक्यो[२२९] सोनईया[२३०] पाचसै रे लाल, मूक्यो गणिका भोग ।
धन कठीयारो काणजी रे लाल, सहू वै सरावै लोग ॥५॥सुख॥

[१२५]

धन धन लोक कहै सहू[२३१] रे लाल, धन [धन] कहै नगर नरेस ।
सील तणी जिन आखड़ी रे लाल, पाली जोबन[२३२] वेस[२३३] ॥६॥
॥सुख॥

[१२६]

तीरथ शत्रुंजो[२३४] वडो रे लाल, मन्त्र वडो नवकार ।
नदीया माहि मंदाकिनी रे लाल, व्रत माहि सील विचार॥७॥सुख॥

[१२७]

सील तणी महिमा सुणी रे लाल, हरख्या राणो राण ।
धन धन जै सेवै सदा रे लाल, व्रतमाहि अधिको जाण[२३५]॥८॥सुख॥

[१२८]

इण अवसर अवनीपति रे लाल, थाप्यो निज परधान ।
राज काज सहू सुपीयो रे लाल, दीधो विमणो[२३६] आमान[२३७]॥९॥
॥सुख॥

[१२९]

राज भार घुरंधरु रे लाल, मन्त्र में सिरताज[२३८] ।
मन मोह्यो महाराजणो रे लाल, वाधी विमनी लाज[२३९]॥१०॥
॥सुख॥

२२९ P मुक्यो। २३० P सोनैया। २३१ P काण्हड। २३२ P यौवन। २३३ P वेश। २३४ P शेत्रजो। २३५ BP ते लहे सुख नीरवाण। २३६ BP धमणुँ। २३७ BP मान। २३८ P नवकार। B. लाज वधारि सामसँ। २३९ B. माम।

[१२४]

पाँचसौ सोनैये छोड़े, गणिका का भोग छोड़ा। सभी लोग प्रशंसा करने लगे कि कठियारा कान्हजी धन्य है।

[१२५]

लोग सब धन्य-धन्य कहने लगे, नगरी का राजा भी धन्य-धन्य कहने लगा, जिसने कि तरुण वय में शीलव्रत का नियम पालन किया।

[१२६]

तीर्थों मे शत्रुञ्जय बड़ा है, मंत्रों में नवकार बड़ा है, नदियों में मंदाकिनी और व्रतो में शीलव्रत (बड़ा है)।

[१२७]

शीलव्रत की महिमा सुन कर सभी लोग हर्षित हुए। धन्य है! जो व्रतो में प्रधान (शील) का सेवन करते हैं [वे निर्वाण को पाते हैं]।

[१२८]

इस अवसर पर राजा ने (कान्हड़ को) अपने प्रधान पद पर स्थापित किया। सारा राज्य-कार्य सौंप कर उसे दुगुना सन्मानित किया।

[१२६]

राज्य भार धुरंधर और मंत्रियों में सरताज हो कर उसने महाराजा का मन मुग्ध कर लिया, उसकी दुगुनी इज्जत बढ़ी।

[१३०]

पाच[२४०] विषय सुख भोगवै रे लाल, भोगवै भोग रसाल।
ले लाहो लखमीतणो रे लाल, टालै कुमति जंजाल ॥११॥सुख॥

[१३१]

सातमी ढाल सोहमणी रे लाल, एम कहै कवि मान।
सीलतणा परभाव थी रे लाल, काण्हड़ थयो परधान ॥१२॥सुख॥

॥ दूहा ॥

[१३२]

हवै[२४१] काणड़ सदगुरु कने, सीखे समकित भेद।
सुगुरु सुदेव सुधर्मसु, राखे सदा उमेद ॥ १ ॥

[१३३]

श्रावकना व्रत आदर्या, पालै निरतिचार।
सेव करै अरिहंतनी, जाप जपै नवकार ॥ २ ॥

[१३४]

दान सील तप भावना, सिवपुर मारग च्यार।
आराधै अति भावसु, जिम पामै भवपार ॥ ३ ॥

★

---

२४० BP. पंच। २४१ A. हिवै।

[१३०]

पंचेन्द्रिय के विषय सुख भोगते हुए सरस भोग भोगने लगे। कुमति जंजाल को काटकर लक्ष्मी (के सद्-व्यय) का लाभ लेने लगा।

[१३१]

शील के प्रभाव से कान्हड़ प्रधान मंत्री हो गया। इस प्रकार यह सुहावनी सातवीं ढाल कवि मान कहता है।

[१३२]

अब कान्हड़ ने सन्दूक के पास समकित के भेद ज्ञात किये। सुदेव सुगुरू और सद्धर्म के प्रति सर्वथा श्रद्धाशील हो गया।

[१३३]

वह श्रावक के व्रत स्वीकार कर निरतिचार पालन करता था। अरिहंत की सेवा और नवकार का जाप करता था।

[१३४]

दान शील तप और भाव ये चारो मोक्ष के मार्ग है। इन्हें अति शुद्ध भाव से आराधन करने लगा जिससे भवसागर को पार किया जाय।

॥ ढाल आठमी ॥

॥ नणदलनी । ए देशी[२४२] ॥

[१३५]

इण अवसर आया इहाँ, धर्मघोष अणगार।
काणड़ दिख्या आदरै, छांडी धन परिवार ॥ १ ॥

[१३६]

धन धन सील सदा भलो[२४३], जे सेवै नरनार।
इण भव सुख संपद मिलै, परभव सुगति[२४४] दातार ॥२॥

[१३७]

पंच महाव्रत उचरै[२४५], पांचे ई मेरु समान।
छकायनी रख्या करै, धन काण्हड़ परधान ॥३॥

[१३८]

पाँच समिति सेवै सदा, तीन गुप्ति[२४६] धरै अंग।
अंग इग्यार भण्या सहु, वलि बारहे उपंग ॥४॥

[१३९]

तप किरीयानो खप करै, ले मुनि सुध[२४७] आहार।
भमर[२४८] तणी परि बहु भमे, चालै खंडा धार ॥५॥

[१४०]

बावीस परिसह झीपतो[२४९], करतो करमनी[२५०] हाण।
दशविध[२५१]जती[२५२]धर्मआचरे, जीवीय[२५३]मरण समान।६।

२४२ BP. देशी मधुकरनी। २४३ P. भलुँ। २४४ A. सुपगत, B. सुगत। २४५ P. उच्चरै। २४६ P. गुपति। २४७ P. शुद्ध। २४८ P. भ्रमर। २४९ B. जितिया। २५० P. कर्मनी। २५१ B. दसवध। २५२ BP. यति। २५३ P. जीवित।

[१३५]

धर्मघोष अणगार के यहाँ पधारने का सुअवसर पाकर कान्हड़ ने धन और परिवार को छोड़कर दीक्षा स्वीकार कर ली।

[१३६]

इस भव में सुख संपदा और परभव में मुक्ति का दायक शीलव्रत सदा उत्तम है। जो नर, नारी इसका सेवन करते हैं, वे धन्य हैं! धन्य हैं!

[१३७]

पंचमेरु के समान पंच महाव्रतों का उच्चारण कर छः काय की रक्षा करनेवाला कान्हड़ प्रधान धन्य है।

[१३८]

पाँच समिति का सेवन कर सदा तीन गुप्तियों को अंग में धारण करता है एवं ग्यारह अंग और बारह उपांगों का अध्ययन करता है।

[१३९]

वह मुनि तप किरिया का खप करता हुआ भ्रमर की तरह खूब भ्रमण कर शुद्ध आहार लेता है। उसका चारित्र असिधार की भाँति कठिन है।

[१४०]

बाईस परिसह को जीतकर कर्मों का क्षय करता है। दशविध यति धर्म का पालन करता है। जीवन और मृत्यु के प्रति वह सममावी है।

[१४१]

क्रोध मान माया तजी, तजीयो सघलो लोभ।
चारित्र पाल निरमलौ, वाधै जगमें शोभ ॥७॥

[१४२]

खिमा[२५४] खड़ग करि[२५५] साहियो, पहरी सील सनाह[२५६]।
महियल विचरै एकलो, कोई नहीं परवाह ॥८॥

[१४३]

कर्म शत्रु जीपण[२५७] भणी, जानै सादूलो सीह।
अप्रमत[२५८] भारंड परै, कोइ न आणै बीह ॥ ९ ॥

[१४४]

पंच तीरथ यात्रा करि, निरमल कीधो गात्र।
बारह भावी भावना, मुनिवर चारित्र पात्र॥ १० ॥

[१४५]

पाप आलोया आपणा, सदगुरु केरी साख।
सयल जीव खमाविया, जे चोराशी लाख॥ ११ ॥

[१४६]

अंत समय जानी करि, करि अणसण पच्चक्खान।
देवलोकें थया देवता, पहिले कल्पें जाण॥ १२ ॥

[१४७]

अष्ट कर्मनो क्षय करी, लहि मानव अवतार।
मोक्ष तणा फल पामसी, धन काणड़[२५९] अणगार॥ १३ ॥

---

२५४ P. क्षमा। २५५ P. कर। २५६ P. सन्नाह। २५७ P. झीपण। २५८ P. अप्रमत्त। २५९ P. काण्हड़।

[१४१]

क्रोध, मान, माया और लोभ का सर्वदा त्याग कर निर्मल चारित्र पालता है जिससे उसकी जगत में शोभा बढ़ती है।

[१४२]

शील रूपी वस्तर पहनकर क्षमा खड्ग हाथ में धारण कर वह अकेला भूमंडल में बेपर्वाह विचरण करता है।

[१४३]

कर्म-शत्रुओं को जीतने में मानों वह शार्दूल सिंह है और भारण्ड पक्षी की तरह अप्रमत्त और निर्भय है!

[१४४]

उस चारित्र पात्र मुनि ने पंच तीर्थों की यात्रा और बारह भावना भाकर अपने देह को पवित्र किया।

[१४५]

सद्गुरु की साक्षी से उसने अपने पापों की आलोचना की। चौरासी लक्ष जीवायोनि के समस्त जीवों से क्षमापना की।

[१४६]

अपना अन्त समय जान कर उन्होंने अनसन प्रत्याख्यान किया और कालधर्म पाकर प्रथम कल्प देवलोक में देव हुए।

[१४७]

कान्हड़ अणगार धन्य है जो वहाँ से मानव अवतार लेकर अष्ट कर्म का सर्वथा क्षय कर मोक्षफल प्राप्त करेगा!

सरस ढाल ए आठमी, साधुतणै [२६०] आचार।
मानसागर [२६१] कहै संपदा, जे सेवै नर नार॥ १४॥

॥ ढाल नवमी ॥

॥ बाडी फूली अति भली, मन भमरा रे, ए देशी ॥

[१४६]

काण्हड़ साधु शिरोमणि, मन भमरा रे।
लीधो [२६२] सुर अवतार, लाल मन भमरा रे॥
सीलतणा परभाव थी, मन भमरा रे।
लाधी ऋद्धि अपार, लाल मन भमरा रे॥ १॥

[१५०]

सीलै सुर सानिध [२६३] करै, मन भमरा रे।
सीलै पामे राज, लाल मन भमरा रे॥
सीलै संपत संपजे, मन भमरा रे।
सीझै वंछित काज, लाल मन भमरा रे॥ २॥

[१५१]

डाइन साइन व्यंतरी, मन भमरा रे।
भूत प्रेत वेताल, लाल मन भमरा रे॥
सीलतणा परभाव थी, मन भमरा रे।
आय [२६४] नमे ततकाल, लाल मन भमरा रे॥ ३॥

---

२६० P. साधुतणो। २६१ P. has only "मान। २६२ P. लाधो। २६३ सान्निध्य। २६४ P. आवी।

[१४८]

साधु के आचारों से सम्बन्धित यह आठवीं सरस ढाल हुई। कवि मानसागर कहता है कि जो नर-नारी सेवन करते हैं, वे आत्म-संपदा पाते हैं।

[१४६]

हे मन भ्रमर! साधु शिरोमणि कान्हड़ ने शील के प्रभाव से देवलोक में अवतार लिया और अपार समृद्धि प्राप्त की।

[१५०]

शील से देवता सानिध्य करते हैं, शील से राज्य प्राप्त होता है! शील से सम्पत्ति मिलती है और वांछित कार्य सिद्ध होता है।

[१५१]

डाइन, शाकिनी, व्यन्तरी, भूत, प्रेत, बैताल आदि शील के प्रभाव से तत्काल आकर नमन—सेवा करते है।

[१५२]

सूली सिंहासन थयो[265], मन भमरा रे।
सेठ सुदर्शन जोय, लाल मन भमरा रे॥
शीलतणा परभाव थी, मन भमरा रे।
आय नमें सहू कोई[266], लाल मन भमरा रे ॥४॥

[१५३]

काण्हड़ साधुतणि परे, मन भमरा रे।
भवीयण पालो सील, लाल मन भमरा रे॥
इणभव सुख संपद मिलै, मन भमरा रे।
परभव इधकी[267] लील, लाल मन भमरा रे ॥५॥

[१५४]

नगर भलो[268] पद्मावती, मन भमरा रे।
मरुधर देश मझार, लाल मन भमरा रे॥
धर्मनाथ परसाद थी, मन भमरा रे।
पूजा सतर[269] प्रकार, लाल मन भमरा रे ॥६॥

[१५५]

वसै वडा विवहारीया[270], मन भमरा रे।
धनकर[271] धनद समान, लाल मन भमरा रे॥
रुयागी त्यागी बहुगुणी[272], मन भमरा रे।
दे षट् दरशन[273] दान, लाल मन भमरा रे ॥७॥

२६५ P थइ। २६६ P राण वेताउल दोय। २६७ P. अधिक। २६८ P. भलँ।
२६९ P. सत्तर। २७० P. व्यवहारीया। २७१ P. करि। २७२ A. निष्कलंकी।
२७३ P. दरिसन।

[१५२]

शील के प्रभाव से देखो तो सही, सुदर्शन सेठ के सूली का सिंहासन हो गया और सब कोई आकर नमस्कार करने लगे।

[१५३]

कान्हड़ साधु की भाँति हे भव्यजन! शील पालो जिससे इस भव में सुख-सपदा व परभव में भी अधिकाधिक लीला लहर होती है।

[१५४]

मरुधर देश में पद्मावती नगर सुन्दर है। जहाँ सतरह प्रकारी पूजा होती है, ऐसा धर्मनाथ का प्रासाद है।

[१५५]

जहाँ बड़े-बड़े कुबेर जैसे धनाढ्य व्यापारी रहते हैं, जो वीर, त्यागी (दानी) और बहुगुण सपन्न हैं, षट दर्शन को दान देते हैं।

[१५६]

सतरै सैतालै समे[२७४], मन भमरा रे।
तिहाँ कीधो चोमास[२७५], लाल मन भमरा रे ॥
सद्गुरुना प्रसाद[२७६] थी, मन भमरा रे।
पूगी मननी आस, लाल मन भमरा रे ॥८॥

[१५७]

श्रीतपगच्छ[२७७] गुरु राजीयो, मन भमरा रे ।
श्री विजयप्रभसूरिंद, लाल मन भमरा रे ॥
तसगछ गगन दिवाकरु, मन भमरा रे।
श्रीविजयरतन मुनिंद, लाल मन भमरा रे ॥६॥

[१५८]

तसगच्छमें[२७७] महिमा निलो, मन भमग रे।
श्रीविजय सागर उवझाय[२७८], लाल मन भमरा रे ॥
ताम सीस[२७९] सोभाकरु, मन भमरा रे।
जीतसागर गणिराय[२८०], लाल मन भमरा रे ॥१०॥

[१५६]

मानसागर सुख संपदा, मन भमरा रे।
जीतसागर गणि सीस[२८१], लाल मन भमरा रे ॥
साधुतणा गुण गावताँ, मन भमरा रे।
पूगी मनह जगीस, लाल मन भमरा रे ॥११॥

२७४ P. सतरशें छेताली समे। २७५ P चउमास। २७६ P. परसाद थी। २७७ P. गछ। २७८ P उवज्झाय। २७९ P शिष्य। २८० AB गणराय। २८१ P शिष्य।

[१५६]

सद्‌गुरु की कृपा से सं० १७४७ में वहाँ चातुर्मास किया, मन की आशा पूर्ण हुई।

[१५७]

श्रीतप गच्छ के अधिपति गुरु श्री विजयप्रभसूरि हुए। उनके गच्छ रूपी गगन के मार्त्तण्ड श्री विजयरत्नसूरि है।

[१५८]

उसी गच्छ मे महिमाशाली उपाध्याय विजयसागर जिनके शिष्य जीतसागर गणि शोभाकारी हे।

[१५९]

जीतसागर गणि का शिष्य मानसागर कहता है कि सुख-सपत्ति प्राप्त होती है ऐसे साधु के गुण गाते हुए, मन की इच्छा पूर्ण हुई।

[१६०]

दिगुपट कथाकोस थीं, मन भमरा रे ।
रचियो ए अधिकार, लाल मन भमरा रे ।।
ऊछो अधिको भाखीयो, मन भमरा रे ।
मिच्छा-दुकड़ कार, लाल मन भमरा रे ।।१२।।

[१६१]

नवमी ढाल सोहामणी, मन भमरा रे ।
गोड़ी राग सुरंग, लाल मन भमरा रे ।।
मानसागर कहै सांभलो, मन भमरा रे ।
दिन दिन वधते रंग, लाल मन भमरा रे ।।१३।।

।। इति सील विषये काण्हड़ कठीयारा री चौपई सम्पूर्णा[२८२] ।।

★

२८२ B श्रीसील विषये काण्हड़ कठियार री चउपई संपूर्ण। लिखण्ड श्रील शंकर मध्ये सं० १८४७ मिता जैत्र। P इति सील विषयक मानसागर गणि विरचित काण्हड़ कठियारानो रास समाप्त।

[१६०]

यह अधिकार दिगंबरीय कथा-कोश से लेकर रचा गया है। यदि कुछ कम बेश कहा हो तो वे दुष्कृत्य मिथ्या हों।

[१६१]

सुरंगी गौड़ी राग में यह सुहावनी नौवीं ढाल दिनोंदिन बढ़ते प्रेम-पूर्वक सुनो! ऐसा मानसागर कहता है।

शील विषयक कान्हड़ कठीयारा की चौपई पूर्ण हुई।

★

APPENDIX

विक्रमादित्य सुत विक्रमसेन चौ० स० १७२४ कातिक मास कुडे (कुंवर नयर) में

॥ दूहा ॥

आदि—सुखदाता संखेश्वरो, पूरम (ण) परम उल्लास।
सानिध करिज्यो साहिबा, अधिक फले ज्य आस ॥१॥

सारदचद समोवडे, वचन अनोपम जास।
सा सारद सुप्रसन्न हुइ, द्यौ मुझ वचन विलास ॥२॥

चरण कमल सद्गुरु तणा, हुं सेवु हित आनि।
कीडी थी कुंजर करै, ते समवड को जाणि ॥३॥

गुरु बिनु ज्ञान न सपजै, मूरख अन्ध समान।
हृदय कमल में हितकरण, प्रगन्ये अभिनव भान ॥४॥

सरस वचन सरसति दियों ऊठि उठि रे ऊठि।
गुण वर्णवा गुरुवा तणा, हुं तुझ पूरिस पूठि ॥५॥

दान शील तप भावना, चारे जग में सार।
सरिखा छै तौ पणि इहाँ, दान तणौ अधिकार ॥६॥

ढाल ५१

अन्त—ढाल एकावनमी भणी ए, दान तणो अधिकार।
मानसागर कवि दान थी ए, पामो पामो सुख अपार ॥११॥

ढाल ५वृ वी राग—धण्यासी, शालिभद्र धन्नँ ऋषराया, एहनी

दान तणा फल अधिक दिखाया, भवियण नें चितलाया जी।
सांभलि संघ सहु सुख पाया, दान तणा दिल आया जी ॥१॥
विक्रमसेण तणा गुण गाया, अधिक अधिक फल पाया जी।
दानकरण जगि नाम कहाया, परिहरि क्रोध कषाया जी ॥२॥
नामइ पातिक पूर पलाया, सुख सम्पति थिर पाया जी।
मात पिता धन ए सुत जाया, सेवइ सुरनर राया जी ॥३॥
सतर सइं चउबीसइं, जांण, काति (मृगशिर) मास बखाण जी।
कुड़इं नगर रह्या गुण खाणे, ग्रन्थ चढ्यो परिमाणे जी ॥४॥
तप गच्छपति विजयदेव सुरिंदा, दीपइ तेज दिणंदा जी।
तस पट श्री विजयप्रभ मुणिंदा, प्रतपो जां रयिचंदा जी ॥५॥
तस गछ पाठक माहि पुरन्दर, श्री विद्यासागर गुण सुन्दर जी।
तस सीस सहजसागर गुण मंदिर, सेवइ सुरनर भूधर जी ॥६॥
तस पट बाचक बड़ वयरागी, सुन्दर रूप सोभागी जी।
श्री जिन (जय) सागर जिनगुणरागी, महियल महिमा जागी जी ॥७॥
नामे लहियै अधिक जगीस, गुण करि बिसवा बीस जीं।
तस पाटे (सीस) जीतसागर गणि ईस, जीवो कोड़ि वरीस जी ॥८॥
तस सीस मानसागर मतिसारइं, भवियण नइं हितकारे जी।
रास रच्यो मे पर उपगारे, भणता जग जयकारइ जी ॥९॥
थिर रहिज्यो ए ग्रन्थ विचारी, ज्यां लगि धूरी तारी जी।
कंठ करी गास्यै नरनारी, सांभलता सुखकारी जी ॥१०॥
विक्रम चरित जै चउपइ डोही, ग्रन्थ रच्यो मइं जोई जी।
अधिको ओछो भाख्यो सोइ, मिच्छादुकड़ होई जी ॥११॥
भाव करी ने जे नर भण से, ते शिव - रवणी वरिस्ये जी।
ए संबंध सदा संभलस्यै, तास मनोरथ फलस्यै जी ॥१२॥
ढाल बावन (पचावन) मी जे मैं गाई, मानसागर सुखदाई जी।
दिन दिन चढ़ते तेज सवाई, दिन दिन दोलति थाई जी ॥१३॥

इति श्रीविक्रमादित्य सुत विक्रमसेन नरेन्द्रस्य चतुष्पदी सम्पूर्णा ॥